**INTERNATIONAL INDIAN SCHOOL, DAMMAM**
**MIDDLE SECTION**
**MIDTERM WORKSHEET – 2025-26**

**CLASS: 6th** **SUBJECT: Hindi**

---

## PORTION

**L- 2 -** गोल , **L-3 -** पहली बूँद, **L-4 -** हार की जीत, **L-5 -** रहीम के दोहे, **L-6 -** मेरी माँ

व्याकरण -लिंग, वचन, वाक्यांश बोधक, क्रिया, संज्ञा के भेद, भाव वाचक संज्ञा, अशुद्ध-शुद्ध शब्द, वाक्य शुद्धिकरण, पठित व अपठित गद्यांश, पठित पद्द्यांश, निर्देशानुसार, अनुच्छेद लेखन - (व्यायाम के लाभ)

---

**प्र 1.निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उचित उत्तर चुनकर लिखिए -**

बीरबल अकबर के नवरत्नों में से एक थे। वे अपनी चतुराई और बुद्धिमानी के लिए प्रसिद्ध थे। अकबर अक्सर बीरबल की परीक्षा लेते रहते थे और बीरबल हर बार अपनी समझदारी से राजा को प्रभावित करते थे। एक बार अकबर ने बीरबल से पूछा - 'क्या तुम मुझे तीन ऐसे लोगों को दिखा सकते हो जो मूर्ख हों?' बीरबल ने हाँ कहा और अगले दिन तीन उदाहरण देकर अकबर को समझाया कि मूर्खता केवल ज्ञान की कमी नहीं, बल्कि समझदारी की कमी भी हो सकती है। अकबर बीरबल की बातों से प्रभावित हुए और उन्हें इनाम दिया।

(क)बीरबल किसके नवरत्नों में से एक थे?
i) चंद्रगुप्त के ii) अशोक के iii) अकबर के iv) हर्षवर्धन के

(ख) बीरबल किस बात के लिए प्रसिद्ध थे?
i) बल के लिए ii) बुद्धिमानी के लिए iii) धन के लिए iv) गायक के रूप में

ग)अकबर किसकी परीक्षा लिया करते थे?
i)तानसेन की ii) बीरबल की iii) रानी की iv) सेनापति की

घ) बीरबल की किस क्षमता ने अकबर को प्रभावित किया?
i)शारीरिक शक्ति ii) हास्य कला iii) चतुराई iv) युद्ध कौशल

ङ)"मूर्खता केवल ज्ञान की कमी नहीं" - इस वाक्य का क्या अर्थ है?
i)मूर्ख व्यक्ति शिक्षित नहीं होता ii) मूर्खता केवल किताबों से नहीं मिटती
iii) मूर्खता में समझदारी का अभाव होता है iv) मूर्खता जन्मजात होती है

**प्र 2.निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उचित उत्तर चुनकर लिखिए :-**

बाबा भारती भी मनुष्य ही थे। अपनी चीज़ की प्रशंसा दूसरे के मुख से सुनने के लिए उनका हृदय भी अधीर हो गया। घोड़े को खोलकर बाहर लाए और उसकी पीठ पर हाथ फेरने लगे। एकाएक उचककर सवार हो गए। घोड़ा हवा में बातें करने लगा। उसकी चाल को देखकर खड्ग सिंह के हृदय पर साँप लोट गया। वह डाकू था और जो वस्तु उसे पसंद आ जाती, उस पर वह अपना अधिकार समझता था। उसके पास बाहुबल था, आदमी थे और बेरहमी भी थी। जाते-जाते उसने कहा – "बाबा जी, मैं यह घोड़ा आपके पास न रहने दूँगा।"

क) बाबा भारती का हृदय किस बात को सुनने के लिए अधीर हो गया?

i) प्रशंसा ii) हंसी iii) घोड़े की आवाज़ iv) बुराई

ख) बाबा भारती घोड़े को खोल कर कहाँ ले गए ?

i) अस्तबल ii) घर iii) बाहर iv) जंगल

ग) खड्ग सिंह कौन था?

i) डाकू ii) अच्छा आदमी iii) संत iv) कुछ नहीं

घ) घोड़े की चाल देखकर खड्ग सिंह के मन में किस प्रकार की भावना उत्पन्न हुई?

i) उसके हृदय पर साँप लोट गया ii) खुश हुआ

iii) कुछ महसूस नहीं हुआ iv) ज़ोर ज़ोर से चिल्लाने की

ङ )उपर्युक्त गद्यांश किस पाठ से लिया गया है ?

i)हार की जीत ii) नादान दोस्त iii)अच्छा घोड़ा iv) जंगल की सैर

**प्र 3.निम्नलिखित पठित कविता को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उचित उत्तर चुनकर लिखिए:-**

नीले नयनों-सा यह अंबर,
काली पुतली-से ये जलधर।
करुणा-विगलित अश्रु बहाकर,
धरती की चिर-प्यास बुझाई।
बूढ़ी धरती शस्य-श्यामला,
बनने को फिर से ललचाई।
पहली बूँद धरा पर आई॥

क) “जलधर” का अर्थ क्या है?

i)नदी ii) झील iii) बादल iv) वर्ष

ख)“करुणा-विगलित अश्रु” का भाव क्या है?

i)क्रोध ii) हर्ष iii) करुणा से भरे आँसू iv) संघर्ष

ग)शस्य-श्यामला’ शब्द किसे दर्शाता है?

i)पर्वतों को ii) सागर को iii) फसलों से लहराती हरी धरती को iv) रेगिस्तान को

घ)कविता में कौन-सी ऋतु का संकेत मिलता है?

i)ग्रीष्म ऋतु ii)शरद ऋतु iii) वर्षा ऋतु iv) हेमंत ऋतु

ङ) “पहली बूँद धरा पर आई” से क्या संकेत मिलता है

i)आंधी आई ii)गर्मी शुरू हुई iii) बारिश की शुरुआत iv) ठंड पड़ी

**प्रश्न 4. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए:-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| नौसिखिया | | स्वप्न | |
| तरक्की | | विस्मय | |
| अद्भुत | | मिथ्या | |
| वसुंधरा- | | वार्तालाप | |
| दिवस- | | आचरण | |
| अंबर | | प्रोत्साहन | |
| घृणा | | आत्मकथा | |

**प्रश्न 5. निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाइए:-**

| |
|---|
| 1. गुस्सा - |
| 2. नौसिखिया - |
| 3. अद्भुत - |
| 4. साधना - |
| 5. तरक्की - |
| 6. घृणा - |
| 7. विस्मय - |
| 8. स्वप्न - |
| 9. आचरण - |
| 10.होनहार - |

**प्रश्न 6. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए :-**

1) ध्यानचंद ने विरोधी खिलाड़ी को समझाया कि ---------की भावना होनी चाहिए। (खेल/ प्रतिस्पर्धा)
2) धरती के सूखे अधरों पर गिरी बूँद --------- आकर । (अमृत-सी / धरती)
3) डाकू खड्गसिंह -------------------- को धोखा दिया। (गाँव वालों ,बाबा भारती)

4) जहाँ सुई काम करती है वहाँ ----------- काम नहीं कर सकती है। ( तलवार / धागा)

5) प्रस्तुत पाठ 'मेरी माँ' किसके द्वारा रचित है? {धर्मवीर भारती / रामप्रसाद 'बिस्मिल / मेजर ध्यानचंद)

6) लेखक की बहनों को ----------- ने पढ़ाया। (माताजी / पिताजी)

**प्रश्न 7. निम्नलिखित प्रश्नों के उतर एक वाक्य में लिखिए:-**

1. ध्यानचंद ने गुस्से का बदला कैसे लिया?
2. मेजर ध्यानचंद का जन्म कब और कहाँ हुआ था?
3. मेजर ध्यानचंद को कौन-सी रेजिमेंट से खेलना था?
4. पहली बूँद 'कविता के कवि का क्या नाम है
5. हरी दूब कैसी लग रही है **?**
6. पहली बूँद धरा पर कब आई **?**
7. एक दिन दोपहर में डाकू खड्गसिंह किसके पास पहुँचा?
8. किसके कानों में बाबा भारती के शब्द गूँज रहे थे?
9. गाँव के बाहर एक छोटे से मंदिर में कौन रहते थे?
10. सज्जन व्यक्ति अपनी संपत्ति का क्या उपयोग करते हैं ?
11. किस भावना से प्रेरित होकर वृक्ष फल नहीं खाते और सरोवर अपना पानी नहीं पीता?
12. रामप्रसाद 'बिस्मिल' के लिए माताजी का सबसे बड़ा आदेश क्या था **?**
13. पिताजी और दादीजी को रामप्रसाद 'बिस्मिल' के कार्य क्यों पसंद नहीं थे**?**
14. रामप्रसाद 'बिस्मिल' की एकमात्र इच्छा क्या थी ?
15. सेवा-समिति का आरंभ कहाँ हुआ था ?
16. लेखक अपनी माँ की तुलना किससे करता है ?

**प्रश्न 8. निम्नलिखित शब्दों में से शुद्ध शब्द चुनकर लिखिए :-**

| | |
|---|---|
| 1. अ) मैदान आ) म्यदान इ) मेदान | 2. अ) कोशीश आ) कोशिस इ) कोशिश |
| 3. अ) बूंद आ) बूँद इ) बोन्द | 4. अ) सीर आ) सिर इ) सिर्रे |
| 5. अ) कप्तान आ) कपत्तान इ) कपतान | 6. अ) अम्रत आ) अमरत इ) अमृत |
| 7. अ) आनद आ) आनंद इ) आन्नद | 8. अ) सध्या आ) संध्या इ) संद्या |

| | |
|---|---|
| 9. अ) गरहकार्य आ) गृहकार्य इ) ग्रृहकार्य | 10. अ) मारग आ) मार्ग इ) मर्ग |
| 11. अ) खीलाड़ी आ) खिलाड़ी इ) खीलाड़ी | 12. अ) सध्या आ) संध्या इ) संद्या |
| 13. अ) प्रोतसाहन आ) प्रोत्साहन इ) प्रोत्शाहन | 14. अ) प्रान आ) प्राण इ) प्राण्ण |

**प्रश्न 9. निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों में से शुद्ध वाक्य चुनिएः-**

1. अ) वह रोज़ स्कूल जाता थी। आ) वह रोज़ स्कूल जाता है। इ) वह रोज़ स्कूल जाता हूँ।

2. सही वाक्य का चयन कीजिए: अ) हम पढ़ाई करना है। आ) हमें पढ़ाई करना है। इ) करना हमें पढ़ाई है।

3. निम्न में से कौन-सा वाक्य शुद्ध है?

अ) राम खेला रहा है। आ) राम खेल रहे है। इ) राम खेल रहा है।

4. शुद्ध वाक्य पहचानिए:

अ) वह मेरा किताब है। आ) वह मेरी किताब है। इ) वह मेरी किताब हैं।

5. निम्न में से शुद्ध वाक्य क्या है? अ) मैंने उसे देखी। आ) मैने उसे देखा। इ) मैंने उसे देखा।

**प्रश्न 10. बहुवचन शब्द चुनिए :**

1. "लड़के खेल रहे हैं।" में 'लड़के' किस वचन में है?

अ) एकवचन आ) बहुवचन इ) स्त्रीलिंग

2 "पुस्तक" शब्द का बहुवचन क्या होगा?

अ) पुस्तकें आ) पुस्तकी इ) पुस्तका

3. निम्न में से एकवचन शब्द कौन-सा है?

अ) आदमी आ) आदमी लोग इ) आदमी लोगे

4. "बिल्ली" शब्द का बहुवचन क्या होगा?

अ) बिल्लियाँ आ) बिल्लीओं इ) बिल्लीयों

**प्रश्न 11 – नीचे दिए गए वाक्यों में रेखांकित शब्दों का सही लिंग (स्त्रीलिंग या पुल्लिंग) चुनकर लिखिए।:**

1. विवेक बहुत चतुर <u>बच्चा</u> है। अ) बच्चे आ) बच्ची इ) बची

2. '<u>घोड़ी</u>' का पुल्लिंग रूप क्या है? अ) गाय आ) घोड़ा इ) गधा

3.इनमें से कौन-सा शब्द स्त्रीलिंग है? अ) मित्र आ) रानी इ) शिक्षक

4. '**देवता**' शब्द का स्त्रीलिंग क्या है? अ) देवी आ) देवांगना इ) देवप्रिय

**प्रश्न 12 – क्रिया पर आधारित प्रश्न पत्र**

1. कर्म के आधार पर क्रिया के भेद कितने होते हैं? अ) दो आ) तीन इ) चार
2. क्रिया के भेद हैं - ____________________ और ____________________

**प्रश्न 13. निम्नलिखित वाक्यों में से क्रिया शब्द चुनिए -**

1. राहुल पतंग उड़ा रहा है। अ} उड़ा आ) पतंग इ) राहुल
2. बच्चे गेंद खेल रहे हैं। अ) बच्चे आ) खेल इ) गेंद
3. निम्न में से कौन-सी क्रिया अकर्मक है?
   (अ) सीता गीत गा रही है। (आ) बच्चा दौड़ रहा है। (इ) वह पत्र लिख रहा है।
4. पानी बह रहा है
   अ) सकर्मक क्रिया आ) अकर्मक क्रिया इ) इनमे से कोई नहीं

**प्रश्न 14. क्रिया के भेद लिखिए - {सकर्मक क्रिया / अकर्मक क्रिया}**

| | |
|---|---|
| 1. सलीम पुस्तक पढ़ रहा है। | |
| 2. बच्चा गिर गया। | |
| 3. बच्चा रो रहा है। | |
| 4. पक्षी उड़ते हैं। | |
| 5. मोहन किताब पढ़ रहा है। | |
| 6. गीता स्कूल जाती है। | |
| 7. बच्चे खेलने गए। | |
| 8. रमेश फल खाता है। | |
| 9. गोपाल ने निबंध लिखा। | |
| 10. बच्चे शोर मचाते हैं। | |

**प्रश्न 15. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों की संज्ञा पहचानकर उसका प्रकार बताइए-**

( व्यक्तिवाचक संज्ञा जातिवाचक संज्ञा भाव वाचक संज्ञा )

1. **<u>रवि</u>** सुबह पार्क में दौड़ता है। ____________________
2. **<u>बच्चे</u>** फुटबॉल खेल रहे हैं। ____________________
3. राम का **<u>साहस</u>** प्रशंसनीय है। ____________________

4. घर के पास सुंदर **<u>झील</u>** है। ____________________
5. **<u>प्रेमचंद्र</u>** महान लेखक थे। ____________________
6. रसगुल्ले में **<u>मिठास</u>** है । ____________________

**प्रश्न 16. निम्नलिखित शब्दों की संज्ञा का प्रकार पहचानकर सही विकल्प चुनिए :**

1. पुस्तक किस प्रकार की संज्ञा है? (अ) व्यक्तिवाचक (ब) जातिवाचक (स) भाववाचक
2. सच्चाई किस प्रकार की संज्ञा है? (अ) व्यक्तिवाचक (ब) जातिवाचक (स) भाववाचक
3. महात्मा गांधी किस प्रकार की संज्ञा है? (अ) व्यक्तिवाचक (ब) जातिवाचक (स) भाववाचक

**प्रश्न 17 नीचे दिये गये शब्दों में सही प्रकार की संज्ञा पहचानिए और सही विकल्प चुनिए:**

| **शब्द** | **विकल्प** |
|---|---|
| 1. ईमानदारी | (अ) व्यक्तिवाचक (आ) जातिवाचक (इ) भाववाचक (ई) कोई नहीं |
| 2. राहुल | (अ) व्यक्तिवाचक (आ) जातिवाचक (इ) भाववाचक (ई) कोई नहीं |
| 3. फूल | (अ) व्यक्तिवाचक (आ) जातिवाचक (इ) भाववाचक (ई) कोई नहीं |
| 4. कृतज्ञता | (अ) व्यक्तिवाचक (आ) जातिवाचक (इ) भाववाचक (ई) कोई नहीं |
| 5. गीता | (अ) व्यक्तिवाचक (आ) जातिवाचक (इ) भाववाचक (ई) कोई नहीं |
| 6. सेना | (अ) व्यक्तिवाचक (आ) जातिवाचक (इ) भाववाचक (ई) कोई नहीं |
| 7. कक्षा | (अ) व्यक्तिवाचक (आ) जातिवाचक (इ) भाववाचक (ई) कोई नहीं |
| 8. कोलकाता | (अ) व्यक्तिवाचक (आ) जातिवाचक (इ) भाववाचक (ई) कोई नहीं |
| 9. रोशनी | (अ) व्यक्तिवाचक (आ) जातिवाचक (इ) भाववाचक (ई) कोई नहीं |
| 10. दिल्ली | (अ) व्यक्तिवाचक (आ) जातिवाचक (इ) भाववाचक (ई) कोई नहीं |
| 11. देश | (अ) व्यक्तिवाचक (आ) जातिवाचक (इ) भाववाचक (ई) कोई नहीं |
| 12. दया | (अ) व्यक्तिवाचक (आ) जातिवाचक (इ) भाववाचक (ई) कोई नहीं |
| 13. हरियाली | (अ) व्यक्तिवाचक (आ) जातिवाचक (इ) भाववाचक (ई) कोई नहीं |
| 14. मोहन | (अ) व्यक्तिवाचक (आ) जातिवाचक (इ) भाववाचक (ई) कोई नहीं |
| 15. अध्यापक | (अ) व्यक्तिवाचक (आ) जातिवाचक (इ) भाववाचक (ई) कोई नहीं |

**प्रश्न *18*. निम्नलिखित वाक्यों के सही वाक्यांश बोधक शब्द चुनकर लिखिए -**

**INTERNATIONAL INDIAN SCHOOL, DAMMAM**
**MIDDLE SECTION**
**MIDTERM WORKSHEET – 2025-26**

**CLASS: 6th** **SUBJECT: Hindi**

---

1. ईश्वर को मानने वाला - अ) नास्तिक ब) आस्तिक स) वैज्ञानिक
2. जो भूमि पर रहता हो - अ) जलचर ब) थलचर स) निर्बल
3. जिसमें शर्म न हो - अ) बेशर्म ब) आस्तिक स) अतिथि
4. जिसके खंड नहीं होते - अ) अखंड ब) सर्वज्ञ स) थलचर
5. जो बहुत बोलता हो - अ) बेशर्म ब) वाचाल स) चित्रकार
6. जिसका अंत न हो - अ) अनंत ब) श्रोता स) साकार
7. देखने वाला - अ) श्रोता ब) दर्शक स) अतिथि
8. जो चित्र बनाता हो - अ) चित्रकार ब) दर्शक स) वैज्ञानिक
9. सुनने वाला - अ) श्रोता ब) सर्वज्ञ स) आस्तिक
10. जिसका आकार हो - अ) अतिथि ब) साकार स) निराकार
11. जिसके आने की तिथि न हो - अ) अतिथि ब) निर्बल स) अनंत
12. विज्ञान को जानने वाला - अ) वैज्ञानिक ब) थलचर स) आस्तिक
13. सब कुछ जानने वाला - अ) सर्वज्ञ ब) श्रोता स) चित्रकार
14. जिसमें बल न हो - अ) अखंड ब) निर्बल स) बेशर्म
15. जो जल में रहता हो - अ) थलचर ब) जलचर स) अतिथि

**प्रश्न 19. 'व्यायाम के लाभ' विषय पर अनुच्छेद लिखिए:-**

**NOTE:- Learn all questions answers and grammar from the notebook**